**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 09 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- केंद्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्म तत्वों वाले चावलों की आपूर्ति को मंजूरी दी ।
- हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत के बाद सरकार बनाने के लिए गतिविधियां तेज़ हुईं। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजयी रहे निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया।
- हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया और कहा कि परिणामों विश्लेषण किया जा रहा हैं।

***************************************************************************

केंद्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्तिको मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में उठाया गया कदम है। इस योजना पर 17 हजार करोड रुपये से अधिक का खर्च आयेगा। श्री वैष्णव ने कहाकि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रोंमें दो हजार किलोमीटर सडकों के निर्माण को मंजूरी दी है। उन्होंने बतायाकि इस पर 4 सौ करोड रुपये से अधिक खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों के बीच सम्पर्क और उन तक पहुंच आसान हो जायेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

***************************************************************************

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत के बाद सरकार बनाने के लिये गतिविधियां तेज़ हो गयी हैं। बहुमत हासिल करने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुलाकात के दौरान, हरियाणा में नई सरकार के गठन और शपथ ग्रहण को लेकर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मीडिया द्वारा पूछे जाने पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा: -

श्री नायब सिंह ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भी मुलाकात की। श्री नड्डा के निवास पर सरकार के गठन को लेकर बैठक भी हुई जिसमें श्री नायब सिंह के अलावा भारतीय जनता पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे।

प्रदेश में मिली बड़ी जीत पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा: -

श्री नायब सिंह ने कहा कि जीत का एक बड़ा कारण लोगों को ज़मीनी स्तर पर मिल रहा योजनाओं का लाभ भी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। यह पहली बार है कि हरियाणा की जनता ने किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया है।

************************************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजयी रहे निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दे दिया है। इस तरह भारतीय जनता पार्टी के पास विधायकों की गिनती 51 हो गई है। तीनों विधायकों ने आज केंद्रीय मंत्री और हरियाणा प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के घर जा कर समर्थन देने का ऐलान किया। इस अवसर पर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब भी मौजूद रहे। श्री बड़ौली ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया : -

श्रीमती सावित्री जिंदल ने हिसार, देवेंद्र कादियान ने गन्नौर एवं राजेश जून ने बहादुरगढ़ सीट जीती है। श्रीमती सावित्री जिंदल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने पर आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था।

************************************************************************

हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। श्री विज आज अंबाला में चुनाव परिणामों पर मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे।कांग्रेस की जाति विशेष के वोट हासिल करने की राजनीति बारे पूछे एक सवाल का जवाब देते हुए श्री विज ने कहा कि उन्होंने कभी जाति पाती की राजनीति नहीं की, और न ही कभी इस पर प्रतिक्रिया दी है।कांग्रेस द्वारा चुनाव में ईवीएम की प्रणाली पर सवाल उठाए जाने बारे पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी हार स्वीकार नहीं करती, हारने पर ई वी एम को दोष देती है और जीतने पर चुप रहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जम्मू और कश्मीर में आए चुनाव परिणाम के खिलाफ भी चुनाव आयोग में जाना चाहिए।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों को लेकर उनका आकलन सही रहा। श्री विज ने अंबाला छावनी के लोगों का उन्हें सात बार विधायक बनाने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

************************************************************************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित हैं और वे इनका विश्लेषण कर रहे हैं।सोशल मीडिया पर एक संदेश में उन्होंने कहा कि अनेक विधानसभा

क्षेत्रों से पार्टी नेतृत्व को शिकायतें मिल रही हैं जिन से निर्वाचन आयोग को अवगत करवाया जायेगा। श्री गांधी ने सभी हरियाणावासियों को उनके समर्थन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके अथकपरिश्रम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे हक का , सामाजिक और आर्थिक न्याय का और सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।

*************************************************************************

हरियाणा चुनाव की शिकायत को लेकर आज कांग्रेसी नेता चुनाव आयोग से मुलाकात कर रहे हैं। कांग्रेस के इन नेताओं में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, और पंजाब से कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा भी शामिल हैं ।

**************************************************************************

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। इस याचिका में, स्वयं को ब्रिटिश नागरिक घोषित करने वाले राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने के लिए गृह मंत्रालय को निर्देश देने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 6 नवंबर की तारीख तय की है।

**************************************************************************

आज छठे नवरात्रि पर हरियाणा ,चंडीगढ़ सहित देश भर माँ के कात्यायनी स्वरूप की पूजा की गई । श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जा कर शीश निवाया। फरीदाबाद के तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर में भी भव्य पूजा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने इस पूजा में भाग लिया और मां कात्यायनी की आराधना की। इस अवसर पर विदेशी श्रद्धालुओं ने भी माँ के दर्शन किए और पूजा में हिस्सा लिया। ये श्रद्धालु ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस से आए थे।

**************************************************************************

आश्विन नवरात्र मेले के दौरान पंचकूला के श्री माता मनसा देवी मंदिर एवम कालका के श्री काली माता मंदिर में आज भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उन्होंने माँ के चरणों में शीश निवाया और मन्नतें मांगी।श्री माता मनसा देवी बोर्ड के अध्यक्ष एवम उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि कल लगभग 26 हजार 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेका। श्रद्धालुओं ने सोने चांदी के नग और कुल 20 लाख 95 हजार 521 रूपये की राशि और माँ के चरणों में भेंट की। उन्होंने बताया कि इन में से सोने का एक नग और चांदी के 22 नग, 16 लाख 59 हज़ार 496 रुपये श्री माता मनसा देवी मंदिर में और 2 लाख 96 हजार 865 और चांदी के 25 नग श्री काली माता मंदिर में भेंट किए। इसके अलावा चंडी माता मंदिर में 1 लाख 39 हजार 160 रुपए रुपए की राशि भेंट की गई।